सं. डी/आर एंड आई/2022
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,
दिनांक, 15 मार्च, 2022

# रिक्ति परिपत्र

**विषय: सवार हरकारा (डिस्पैच राइडर) का पद भरे जाने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि गृह मंत्रालय में सवार हरकारा (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय) के पांच पद प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर और प्रतिनियुक्ति और पुनर्नियोजन के आधार पर (भूतपूर्व सैनिकों के मामले में) अनुबंध-I में निर्धारित अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले कर्मचारियों/आवेदकों से भरे जाने हैं।

2. आवेदक, गृह मंत्रालय (खास) के अलावा, पिछले 5 वर्ष के एसीआर/एपीएआर डोजियर की फोटोकॉपी, सतर्कता प्रमाण पत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे। प्रायोजक अधिकारियों से अनुरोध है कि वे ऐसे पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन अग्रेषित करें जिन्हें उनके चयन की स्थिति में तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके। उचित माध्यम से और निर्धारित प्रारूप में भेजे गए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

3. आवेदन, **इस परिपत्र के जारी होने के 60 दिन के भीतर** संलग्न प्रोफार्मा (अनुबंध II और III) में अनुभाग अधिकारी (प्रशासन- II), कमरा नंबर 95, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली 110001 को भेजे जा सकते हैं। उसके बाद और अपेक्षित दस्तावेजों के बगैर प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

15/03/2022

(विश्वजीत कुमार गुप्ता)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन: 2309 3666

संलग्न: अनुलग्नक - I, II और III

प्रतिलिपि:

(i) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों (संलग्न सूची के अनुसार) को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत कर्मचारियों के बीच रिक्ति परिपत्र का व्यापक प्रचार करें।
(ii) राजभाषा विभाग और न्याय विभाग सहित गृह मंत्रालय (खास) के सभी अधिकारी/अनुभाग/डेस्क।
(iii) नॉर्थ ब्लॉक, एमडीसी नेशनल स्टेडियम, जैसलमेर हाउस और एनडीसीसी- II बिल्डिंग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के नोटिस बोर्ड।
(iv) एसओ (आईटी) सेल, गृह मंत्रालय - गृह मंत्रालय की वेबसाइट यानी mha.nic.in/ नोटिफिकेशन/रिक्तियों के साथ-साथ ई-ऑफिस पर अपलोड करने के लिए।

* **इस उपरोक्त परिपत्र के अंग्रेजी संस्करण को किसी भी विसंगति के मामले में मानक माना जाएगा।**

अनुबंध-I

**गृह मंत्रालय में सवार हरकारा (डिस्पैच राइडर) का पद भरे जाने के लिए पात्रता शर्तें**

| क्र. सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | सवार हरकारा |
| 2. | वर्गीकरण | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय। |
| 3. | लेवल | लेवल 2 (₹ 19900-63200) |
| 4. | पदों की संख्या | पांच (परिवर्तन हो सकता है) |
| 5. | पात्रता | **प्रतिनियुक्ति या आमेलनः**<br>गृह मंत्रालय (खास) में समूह 'ग' में से ऐसे नियमित बहु कार्य कर्मचारीवृदो (मल्टी-टास्किंग स्टाफ) में से जिसके ना होने पर केंद्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों के नियमित ऐसे सवार हरकारा (डिस्पैच राइडर) या समूह 'ग' कर्मचारियों में से जिनके पास योग्यता और अनुभव हो।<br>**भूतपूर्व सैनिक के लिए**<br>**प्रतिनियुक्ति अथवा पुनर्नियोजनः**<br>सशस्त्र बलों के ऐसे कार्मिकों के सम्बन्ध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष के अंदर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किये जाने वाले है और जिनके पास अपेक्षित अनुभव और विहित अर्हताए हैं। ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जायेगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बलों से निर्मुक्त किया जाना है; तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहना दिया जा सकता है।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य कैडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)। |
| 6. | आवश्यक योग्यता | (क) मोटर साइकिल या ऑटोरिक्शा के लिए वैध अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) रखते हो;<br>(ख) मोटर-साइकिल या ऑटोरिक्शा चलाने का दो साल का |

| | | |
|---|---|---|
| | | अनुभव;<br>(ग) मोटर साइकिल या ऑटोरिक्शा क्रिया विधि का ज्ञान (अभ्यर्थी वाहन की छोटी कमियों को दूर करने में समर्थ होना चाहिए);<br>(घ) अंग्रेजी और हिंदी या उस क्षेत्र की प्रादेशिक भाषा जिसमे सम्बंधित संगठन स्थापित है, को पढ़ने की योग्यता ; और<br>(ड.) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से मैट्रिक या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या समतुल्य उत्तीर्ण हो।<br>नोट: अनुबंध सम्बन्धी अहर्ता सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल कि जा सकती है जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम अधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है । |
| 7. | वांछनीय | सिविल स्वयंसेवक या होमगार्ड के रूप में तीन वर्ष की सेवा। |
| 8. | आयु सीमा | प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 9. | कार्य दायित्व | (i) भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और अन्य कार्यालयों में पत्रों/फाइलों/पत्राचार आदि का वितरण।<br>(ii) समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य। |

**प्रोफार्मा**

(जो लागू न हो उसे काट दें)

| क्र.सं. | शीर्ष/ विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | नाम (श्री) और कार्यालय का पता | |
| 2. | संपर्क/मोबाइल नं. | |
| 3. | ई-मेल आईडी | |
| 4. | जन्मतिथि (ईसवी में) | |
| 5. | पिता का नाम (श्री) | |
| 6. | सरकारी में सेवा आने की तारीख | |
| 7. | वर्तमान धारित पद | |
| 8. | वर्तमान ग्रेड/लेवल में नियुक्ति की तारीख | |
| 9. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति (तदर्थ, अस्थायी अथवा स्थायी) | |
| 10. | वर्तमान वेतन लेवल | |
| 11. | क्या अ.जा./ज.जा/अन्य पिछड़े वर्ग से हैं। | |
| 12. | योग्यता<br>**अनिवार्य :**<br>क) मोटर साइकिल या ऑटोरिक्शा के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो; | |
| | ख) मोटर-साइकिल या ऑटोरिक्शा चलाने का दो साल का अनुभव; | |
| | ग) मोटर साइकिल या ऑटोरिक्शा मशीनरी का ज्ञान (उम्मीदवार वाहन में मामूली दोषों को दूर करने में सक्षम होना चाहिए); | |
| | घ) अंग्रेजी और हिंदी या उस क्षेत्र की क्षेत्रीय भाषा जिसमें संबंधित संगठन स्थित है, को पढ़ने की योग्यता। | |
| | ड) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से मैट्रिक या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। | |

| | | |
|---|---|---|
| | **वांछनीय :**<br>(i) होमगार्ड या सिविल वालंटियर्स के रूप में तीन साल की सेवा। | |
| 13. | अनुभव: (किए गए कार्यों के स्वरूप सहित सेवा के संक्षिप्त विवरण के साथ वर्षों की संख्या और संगठन का नाम) | |
| 14. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति पर है तो कृपया बताएं:<br>(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि<br>(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि<br>(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे संबंधित हैं। | |
| 15. | सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 16. | क्या पद के लिए आवश्यक शिक्षा और अन्य योग्यताएं पूरी हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसका प्राधिकारी बताएं) | |

(यदि उपर्युक्त किसी बिंदु में स्थान अपर्याप्त है, तो एक स्वप्रमाणित पृथक शीट संलग्न करें)

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन को प्रभावित करने वाला कोई तथ्य छुपाया/दबाया नहीं गया है।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नाम: ____________________

पता : ____________________

____________________

स्थान: ____________

तारीख : ____________

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र)**

(जो लागू न हो उसे काट दें)

1) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ______________________ द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं और वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हैं। इस पद पर नियुक्ति की स्थिति में कार्यालय को कर्मचारी को कार्यमुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है।

2) आवेदक का चयन होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3) प्रमाणित किया जाता है कि :

(i) श्री/श्रीमती ______________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है।

(ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) भारत सरकार के अवर सचिव या उच्चतर स्तर (जो भी लागू हो) के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित पिछले 5 वर्ष की उसकी सीआर / एपीएआर।

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।

संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर: ______________________

नाम और पदनाम: ______________________

पता : ______________________

______________________

फोन नंबर: ______________________

कार्यालय की मुहर : ______________________

स्थान : ________________

तारीख : ________________